4382

M.A. (Previous) Examination, 2017

HINDI LITERATURE

Paper–II

[Hindi Sahitya Ka Ethihas (Adhunic Kal)]

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

PART - A (खण्ड-अ) [Marks : 20

Answer all questions (50 words each).

All questions carry equal marks.

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

PART - B (खण्ड-ब) [Marks : 50

Answer *five* questions (250 words each).

Selecting *one* from each unit. All questions carry equal marks.

प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए।

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

PART - C (खण्ड-स) [Marks : 30

Answer any *two* questions (300 words each).

All questions carry equal marks.

कोई **दो** प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड-अ

इकाई-I

1. **सभी प्रश्नों के उत्तर दें :**

(क) आधुनिक कालीन 1857 की क्रान्ति के सामाजिक राजनीतिक प्रभाव पर टिप्पणी करें।

(ख) रामचन्द्र शुक्ल ने आधुनिक काल को किस नाम से अभिहित किया और क्यों?

इकाई-II

(ग) स्वच्छन्दतावाद से आप क्या समझते हैं?

(घ) नयी कविता की दो प्रवृत्तियाँ बताएं।

इकाई-III

(ङ) प्रेमचन्द पूर्व उपन्यासों की दो विशेषताएँ बताएं।

(च) मनोविश्लेषणवादी कहानी धारा के प्रमुख कहानीकार का नाम एवं उनकी दो कहानियों के उल्लेख करते हुए बताएँ कि उनके प्रमुख पुरुष पात्रों के नाम क्या हैं?

इकाई-IV

(छ) शुक्ल कृत 'रसमीमांसा' एवं 'चिन्तामणि' संग्रह की विशेषता बताएं।

(ज) नामवरसिंह कहानी की आलोचना में किस प्रतिमान के पक्षधर हैं?

इकाई-V

(झ) दक्खिनी हिन्दी को परिभाषित करें।

(ञ) हंस (राजेन्द्रयादव) ने किन दो विमर्शों को प्रमुखता दी तथा इन विमर्शों से किस बदलाव की बात कही।

खण्ड-ब

इकाई-I

2. भारतेन्दुयुगीन साहित्यिक परिप्रेक्ष्य चित्रित करें।

3. द्विवेदीकालीन गद्य के उदय की परिस्थितियों एवं अवदान पर लेख लिखें।

इकाई-II

4. छायावाद के आलोक में महादेवी वर्मा के काव्य वैशिष्ट्य को प्रकाशित करें।

5. नयी कविता के 'नयेपन' के उदाहरण सहित विवेचित करें।

इकाई-III

6. नयी कहानी की विशेषताएँ उदाहरण सहित विश्लेषित करें।

7. हिन्दी रंगमंच का विकासात्मक परिचय दें।

इकाई-IV

8. हजारीप्रसाद द्विवेदी के आलोचना सिद्धान्त का विश्लेषण करें।

9. रामविलास शर्मा के आलोचनात्मक प्रतिमानों का विवेचन करें।

इकाई-V

10. उर्दू की किन्हीं दो गद्य कृतियों का विवेचन करें।

11. हरिश्चन्द्र चन्द्रिका एवं हंस (प्रेमचन्द) के साहित्यिक सामाजिक अवदान का उल्लेख करें।

खण्ड-स

12. छायावादी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ उदाहरण सहित बताएं।

13. स्वातन्त्रयोत्तर हिन्दी कहानी के बदलते हुए परिदृश्य (भाव एवं भाषायी) को विश्लेषित करें।

14. संस्मरण एवं रेखाचित्र के अन्तर को बताते हुए प्रमुख रचनाकारों की रचनाओं का विवेचन करें।

15. स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी नाटकों की प्रमुख विशेषताएँ बताएं।